www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , मंगलवार,3 फरवरी 2026

## सुविचार



जिस तरह फूल पौधों के उचित विकास के लिए समय समय पर काट छांट जरूरी है ठीक उसी तरह बच्चों को उचित बात सिखाने के लिए समय समय पर डांट जरूरी है! - रश्मि प्रभा


## बरेली के प्रमुख समाचार

- शब-ए-बरात पर कीचड़ और जलभराव से जूझेंगे लोग-II
- आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखेगा केंद्रीय बजट-III
- बृज में होली रे रसिया... भजन सुन झूम उठे श्रद्धालु-IV


## सिटी ब्रीफ

### निलंबन के खिलाफ उच्च न्यायालय पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री

**प्रयागराज, एजेंसी :** बरेली के निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सलाह लेने के बाद वह अपने निलंबन आदेश को न्यायालय में चुनौती देंगे। मीडिया से बातचीत में श्री अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति नरम रुख दिखाते हुए कहा कि उनकी मुख्य आपत्ति केंद्र सरकार की कार्यशैली को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक कंपनी की तरह संचालित हो रही है, जहां निर्णय सीमित लोगों के हाथ में केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी एक्ट में संशोधन उनकी प्रमुख मांग है और इस मुद्दे को लेकर वह शीघ्र ही दिल्ली से एक बड़ा आंदोलन शुरू करने की रणनीति बना रहे हैं।

### पीएचडी के लिए ऑनलाइन आवेदन 4 फरवरी से

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) ने पीएचडी कोर्स वर्क 2026 के मुख्य और बैक परीक्षा के लिए 4 फरवरी से आवेदन पत्र मांगे हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि फर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mjpru.ac.in और https://mjpruiums.in पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी 11 फरवरी तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं। 12 फरवरी तक परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय में जमा करना होगा। अंतिम स्वीकृति 14 फरवरी तक ऑनलाइन दी जाएगी। विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन आवेदन को प्राथमिकता देते हुए इसकी हार्ड कॉपी जमा न करने का निर्देश दिया है।

## शहर में आज

- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा का विश्राम शाम 4 से 7 बजे।= सर्जन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से भोजन वितरण हनुमान मंदिर परसा खेड़ा रोड नंबर 4 पर दोपहर 12 बजे।
- भोजीपुरा के ग्राम पिपरिया ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा के विरोध में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को विश्व हिंदू परिषद की ओर से ज्ञापन सुबह 10 :30 बजे।

# सिटी स्टेशन रोड...आज से तीन महीने बंद रहेंगे भारी वाहन

## चौपला पुल से किला पुल तक सड़क निर्माण के चलते ट्रैफिक पुलिस ने वैकल्पिक रास्ते तय किए, पीडब्ल्यूडी, रेलवे व यातायात पुलिस की हुई बैठक

- **एसपी ट्रैफिक ने वाहन चालकों से की वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक करते पीडब्ल्यूडी के अफसर। ● अमृत विचार



सिटी स्टेशन रोड से गुजरते वाहन सवार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख मार्ग चौपुला से किला पुल तक सीसी रोड के निर्माण का काम मंगलवार सुबह 8 बजे से शुरू होगा। इस परियोजना को पूरा होने में लगभग तीन महीने का समय लगेगा। इस दौरान भारी वाहनों, रोडवेज और सिटी बसों, ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। पीडब्ल्यूडी, रेलवे और यातायात पुलिस की संयुक्त बैठक में वैकल्पिक मार्ग, भारी वाहनों की आवाजाही और स्टेशन क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा करने के बाद यह निर्णय लिया गया है।

एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने रूट डायवर्जन को लेकर जो एडवाइजरी जारी की है। उसमें चौपला पुल से सिटी स्टेशन की ओर से जाने वाले रास्ते पर सभी प्रकार के भारी वाहनों पर प्रतिबंधित रहेगा। मिनी बाईपास से किला स्थित दुल्हे मियां की मजार और चौपला की ओर भी भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। दिल्ली और रामपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन बरेली आने के लिए झुमका तिराहा, बड़ा बाईपास, बिलवा, विलयधाम और इन्वर्टिस तिराहा होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर तक जाएंगे। लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन बड़ा बाईपास का ही प्रयोग करेंगे। बदायूं की ओर जाने वाले वाहन फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज और देवचरा मार्ग से निकलेंगे, जबकि बदायूं की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले वाहन इसी मार्ग से बड़ा बाईपास होकर आएंगे। नैनीताल और पीलीभीत की ओर से आने वाले बड़े वाहन बड़ा बाईपास से बिलवा, विलयधाम, इन्वर्टिस तिराहा के रास्ते ट्रांसपोर्ट नगर तक आएंगे और इसी मार्ग से लौटेंगे। एसपी ट्रैफिक ने अपील की है वाहन चालक सड़क निर्माण अवधि के दौरान केवल तय किए गए वैकल्पिक मार्गों का ही प्रयोग करें, ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके।

### रोडवेज बसों के लिए तय किए गए वैकल्पिक मार्ग

दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर से बरेली आने वाली रोडवेज बसों के लिए नया मार्ग तय किया गया है। अब ये बसें झुमका तिराहा, मिनी बाईपास, इज्जतनगर तिराहा, डेलापीर तिराहा, 100 फुटा पूर्वी पीलीभीत रोड और सुरेश शर्मा नगर होते हुए सैटेलाइट बस स्टैंड तक पहुंचेंगी। वहीं, बदायूं जाने वाली बसें सैटेलाइट, बियावानी कोठी, बुखारा मोड़ और रामगंगा तिराहे के रास्ते चलेंगी। यह व्यवस्था निर्माण कार्य के दौरान यातायात सुगम बनाए रखने के लिए लागू की गई है।

### 30 इंच मोटी बनेगी सड़क, बारिश और हैवी ट्रैफिक झेल सकेगी



चौपुला पुल से किला तक 1200 मीटर लंबी सड़क निर्माण पर पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका ठेका एएन बिल्डर को मिला है। मार्ग के किनारे रेलवे परिसर होने के कारण बरसाती पानी जमा होकर सड़क की सतह को नुकसान पहुंचाता था। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन भगत सिंह का कहना है, चूंकि यह रोड शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल हैं, इससे रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है, इसलिए सड़क की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रस्तावित सीसी रोड की मोटाई 30 इंच और चौड़ाई आठ मीटर होगी। मोटाई अधिक रखने का निर्णय जलभराव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसमें मजबूत सीमेंट कंक्रीट का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि भारी वाहनों और बारिश के मौसम में सड़क लंबे समय तक टिकाऊ रहे।

# अमीरों की नौ साल में 12.3 लाख करोड़ कर्ज माफी

- **बीते पांच साल में बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर में 250 निष्क्रिय कंपनियां हटाई गईं**
- **लोकसभा में सांसद के पूछे प्रश्न पर वित्त मंत्रालय से आए जवाब में चौंकाने वाले खुलासे**

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला के सांसद नीरज मौर्य ने लोकसभा में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से बीते नौ वर्षों में 12.3 लाख करोड़ रुपये के ऋण बट्टे खाते में डालने के मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया था। उन्होंने सवाल किया था कि जब किसान, छोटे व्यापारी, छात्र और आम नागरिक छोटे-छोटे कर्ज के लिए बैंकों के चक्कर काटते हैं, तब बड़े कॉरपोरेट और अमीर कर्जदारों को इतनी भारी राहत क्यों दी जा रही है।



सांसद नीरज मौर्य।

सांसद के सवाल पर वित्त मंत्रालय की ओर से राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जवाब भेजा कि सिर्फ वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में ही 35,096 करोड़ रुपये का कर्ज बट्टे खाते में डाला गया। सरकार ने इसे तकनीकी और लेखांकन प्रक्रिया बताया। इस पर सांसद ने कहा कि यह नीति मध्यम वर्ग, किसानों और करदाताओं के साथ अन्याय है। इसी क्रम में सांसद नीरज मौर्य ने शेल कंपनियों को लेकर भी सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

उन्होंने पूछा कि क्या कंपनी अधिनियम, 2013 में शेल कंपनियों की कोई स्पष्ट परिभाषा है। सरकार के उत्तर से चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि शेल कंपनी की कोई वैधानिक परिभाषा मौजूद नहीं है, न ही ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। बीते पांच वर्षों में बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर में 250 निष्क्रिय कंपनियां हटाई गईं, जिनमें सर्वाधिक 195 बरेली में थीं। अवैध ऑनलाइन लोन ऐप्स से जुड़ी 87 संस्थाओं को ब्लॉक करने की बात सरकार ने कही। सांसद का कहना है कि बिना कड़े दंडात्मक कानून और स्पष्ट परिभाषा के भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक संभव नहीं है।

# अस्पताल रोड और चौधरी मोहल्ले में अतिक्रमण हटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नगर निगम की टीम ने चलाया अभियान, 12 हजार रुपये का जुर्माना वसूला**
- **दुकानदारों के विरोध के बाद भी बुलडोजर कार्रवाई जारी रही**



जिला अस्पताल रोड से अतिक्रमण हटाता नगर निगम का बुलडोजर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को शहर के व्यस्त इलाकों में शामिल जिला अस्पताल रोड और चौधरी मोहल्ला में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों के विरोध के बीच अतिक्रमण हटाया गया। जिला अस्पताल रोड पर दुकानदारों से 12 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

सबसे पहले निगम की एक टीम जिला अस्पताल रोड पर पहुंची। नावल्टी चौराहे से जिला अस्पताल गेट और इंद्रा मार्केट तक सड़क किनारे लगी रेहड़ियों, ठेलों और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। सामान जब्त किया गया। इस कार्रवाई से दुकानदार अफरा-तफरी में मच गई, लेकिन निगम की टीम ने बुलडोजर कार्रवाई जारी रखी। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि कुछ ही देर में रोड पर जाम की स्थिति खत्म हो गई और ट्रैफिक सुचारू होने लगा। निगम की दूसरी टीम ने चौधरी मोहल्ला में एक धार्मिक स्थल के आसपास अभियान चलाकर नाले पर अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। सड़क किनारे रखे सामान को भी जब्त किया। राजस्व निरीक्षक ने नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से 12,000 रुपये का जुर्माना वसूला।

नगर आयुक्त संजय कुमार मौर्य ने बताया कि जिला अस्पताल रोड और अन्य व्यस्त मार्गों से अतिक्रमण हटाने की यह पहली कार्रवाई नहीं है। पहले भी कई बार अभियान चलाया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में दुकानदार दोबारा सड़क पर कब्जा जमा लेते हैं। स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य न केवल सड़क किनारे की अव्यवस्था को दूर करना है, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित और सुचारू यातायात सुनिश्चित करना भी है। नगर निगम की टीम लगातार ऐसे व्यस्त क्षेत्रों की निगरानी कर रही है, ताकि भविष्य में अतिक्रमण की घटनाओं को रोका जा सके और शहर की सड़कें व्यवस्थित बनायी जा सकें। आवाजाही में लोगों को राहत मिले।

# नामांतरण-किराया नीति पर भड़के व्यापारी मेयर से मिले, रखीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मेयर को पत्र देते पार्षद राजेश अग्रवाल व व्यापारी।

- **पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में पहुंचे व्यापारियों ने लगाया भेदभाव का आरोप**
- **राजस्व निरीक्षक पर भय और धमकी के आरोप, निगम की दुकानें सील करने का डर**
- **मेयर ने शीघ्र बोर्ड बैठक बुलाने का दिया आश्वासन, व्यापारियों को राहत की उम्मीद**

**अमृत विचार :** नगर निगम बोर्ड की ओर से निगम के दुकानों के नामांतरण-किराया निर्धारण में विसंगतियों को लेकर सोमवार को शहर के व्यापारियों में खासा रोष देखने को मिला। पार्षद राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी नगर निगम में मेयर डॉ. उमेश गौतम से मिले और अपनी समस्याएं खुलकर रखीं।

पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में नगर निगम दफ्तर पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि यदि नगर निगम द्वारा कोई गलत प्रस्ताव पारित हो गया है, तो उसे सुधारने की जिम्मेदारी भी नगर निगम की ही बनती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वर्तमान में यदि नगर निगम कोई नई दुकान आवंटित करता है, तो उसका किराया और प्रीमियम दोनों ही कम रखे जाते हैं, जबकि वर्षों से व्यवसाय कर रहे पुराने दुकानदारों से अधिक किराया वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं, नामांतरण की स्थिति में उन्हें नई दुकान की तुलना में कई गुना अधिक प्रीमियम देना पड़ता है, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। व्यापारियों ने राजस्व निरीक्षक टिंकू सिंह पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि निरीक्षक की ओर से दुकानदारों को लगातार भयभीत किया जा रहा है और दुकानों को सील करने की धमकियां दी जाती हैं। सीधे तौर पर आरोप लगाया कि मोटी रकम लेकर नगर निगम की दुकानों का गलत तरीके से नामांतरण किया जा रहा है। इस संबंध में न तो कार्यकारिणी को जानकारी दी जा रही है और न ही बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं, जबकि कमेटी की एक बैठक पहले ही हो चुकी है।

पार्षद सलीम पटवारी ने भी कहा कि बिना कमेटी के संज्ञान में लाए राजस्व निरीक्षक की ओर से एकतरफा कार्रवाई की जा रही है, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द बोर्ड बैठक बुलाई जाए। पार्षद और व्यापारियों की बात सुनने के बाद मेयर डॉ. उमेश गौतम ने उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र ही बोर्ड बैठक बुलाकर किराया वृद्धि और नामांतरण से जुड़े मामलों पर विचार किया जाएगा और व्यापारियों को राहत देने वाला निर्णय लिया जाएगा। दिनेश अरोरा, उदय गोयल, ललित, दीपक कुमार, संजय अरोरा, राजेश, लन बग्गा, मुकेश, कलीम समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

### नामांतरण नीति पर नहीं बन सकी थी सहमति

नगर निगम की दुकानों के नामांतरण नीति में सुधार को लेकर गठित कमेटी की बैठक दिसंबर माह में भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी थी। बैठक के दौरान कमेटी अध्यक्ष एवं अपर नगर आयुक्त ने यह कहते हुए चर्चा से इंकार कर दिया था कि मामला न्यायालय में लंबित है। इस पर कमेटी सदस्य एवं पार्षद राजेश अग्रवाल भड़क गए थे और अधिकारियों पर व्यापारियों को राहत देने में गंभीरता न दिखाने का आरोप लगाया था। अपर नगर आयुक्त ने आरोपों को खारिज करते हुए विधिक राय के आधार पर शीघ्र निर्णय लेने की बात कही थी। बैठक बिना किसी ठोस निर्णय के स्थगित कर दी गई थी।

# धूप ने तापमान बढ़ाया ठंड से राहत

**बरेली, अमृत विचार :** धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार रविवार से बरेली में 4.1 डिग्री तापमान बढ़ा है। सोमवार सुबह से धूप से तापमान में और बढ़ोत्तरी हुई। 6 फरवरी तक बरेली व आसपास के जिलों में बारिश की किसी प्रकार की संभावना नहीं जताई गयी है। दो से तीन कोहरा छाए रहने की संभावना जताई गयी है। मौसम साफ रहने की वजह से बाजार में चहल-पहल भी खूब नजर आई।

# कॉलोनी में छह माह में स्वीमिंग पूल बनाने का आदेश

विधि संवाददाता, बरेली

- **उपभोक्ता आयोग के आदेश पर वादा पूरा न करने पर उपभोक्ता को 2 लाख मुआवजा भी मिलेगा**

**अमृत विचार :** उपभोक्ता को तय समय सीमा में कॉलोनी विकसित करके न देने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी व सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने होराइजन (नवजीवन) डेवलपिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर को 6 माह में बदायूं रोड पर करगैना स्थित कॉलोनी में स्वीमिंग पूल का निर्माण पूरा करने व 45 दिनों के अंदर वादीगण को किराये मकान की आर्थिक क्षतिपूर्ति 1 लाख 70 हजार रुपये, मानसिक व शारीरिक कष्ट की क्षतिपूर्ति 20 हजार रुपये, 10 हजार रुपये खर्चा मुकदमा अदा किये जाने का आदेश दिया है।

मढ़ीनाथ संत गाडगे नगर निवासी मनोरमा व संजय कुमार वर्मा ने 16 अगस्त 2023 को अधिवक्ता वीरेन्द्र कुमार के जरिए आयोग के समक्ष अर्जी देकर बताया था कि नवजीवन ग्रुप हाउसिंग योजना के तहत निर्मित किये जाने वाले फ्लैट नंबर डी-302 को 21 अगस्त 2014 को बुक कराया था। कम्पनी ने उपभोक्ता को बताया था कि आवासीय योजना वर्ष 2016 में पूर्ण विकसित कर फ्लैट पर कब्जा दे दिया जायेगा। हालांकि आयोग के समक्ष वाद प्रस्तुत करने के 9 दिन बाद कम्पनी ने उपभोक्ता को कब्जा तो दे दिया मगर कॉलोनी पूर्ण विकसित नहीं की गयी। वादी ने बताया कि कॉलोनी विकसित न होने के कारण वर्ष 2016 से आज तक 10 हजार रुपये प्रतिमाह किराये के मकान में रहना पड़ रहा है। कम्पनी ने अपनी प्रचार पुस्तिका में डेवलप की जाने वाली कॉलोनी में क्लब, टेबल टेनिस,बैडमिंटन, वास्केटबॉल कोर्ट, स्वीमिंग पूल, पार्टी हॉल, जिम, योगा और मेडिटेशन सेंटर, वॉकिंग ट्रैक व खूबसूरत पार्क की सुविधा देने का वादा किया था, आयोग ने टिप्पणी करते हुए कहा कि विपक्षी का यह पुनीत कर्तव्य था कि उपभोक्ता से जो वादे किये गये थे उनको समय से पूरा किया जाता, कम्पनी के उपभोक्ता सेवा में कमी मानते हुए आयोग ने निर्णय सुनाया।

सुविधाओं में होगा इजाफा | रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से रेल बजट के प्रावधानों के बारे में दी जानकारी

# प्रदेश के 157 रेलवे स्टेशनों पर मिलेगा एयरपोर्ट जैसा अनुभव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **वर्चुअल कान्फ्रेंस में जुड़ीं इज्जतनगर और मुरादाबाद मंडल की डीआरएम**
- **बरेली रेलवे स्टेशन के यार्ड री-मॉडलिंग पर खर्च किए जाएंगे 49 करोड़ रुपये**



प्रेस कान्फ्रेंस में जानकारी देतीं मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रेल बजट में उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल और पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जत नगर मंडल के लिए मंजूर की गई परियोजनाओं के बारे में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से जानकारी दी। बरेली रेलवे स्टेशन पर यार्ड री-मॉडलिंग के लिए 49 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके साथ प्रदेश के 157 रेलवे स्टेशनों को विकसित करने का कार्य चल रहा है। इन स्टेशनों पर एयरपोर्ट जैसा अनुभव मिलेगा। इन स्टेशनों में बरेली और इज्जत नगर रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं।

केंद्र सरकार के बजट जारी करने के बाद सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से जानकारी दी। इसमें इज्जतनगर और मुरादाबाद मंडल की डीआरएम समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कुल 20,012 करोड़ का आवंटन किया गया है। कुल 92,056 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं। इस विशाल निवेश में पूरे राज्य में ट्रैक निर्माण, स्टेशन पुनर्विकास और सुरक्षा सुधार शामिल हैं। अमृत स्टेशन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 157 स्टेशनों को पूर्ण पुनर्विकास के लिए चिन्हित किया गया है। इसमें बरेली जंक्शन, इज्जतनगर स्टेशन भी शामिल हैं। बरेली जंक्शन पर ट्रेनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यार्ड री-मॉडलिंग की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। नए रेल बजट में इसके लिए 49 करोड़ की राशि आवंटित की गई है।

मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने बजट को लेकर मुरादाबाद मंडल में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। इज्जतनगर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने बताया कि इज्जतनगर मंडल के तहत आने वाले कई स्टेशनों को ''''अमृत भारत स्टेशन योजना'''' के तहत विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। इन स्टेशनों पर अब यात्रियों को केवल प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि एयरपोर्ट जैसा अनुभव मिलेगा। इज्जतनगर स्टेशन मंडल मुख्यालय है, यहां भव्य ''एग्जीक्यूटिव लाउंज'' और बड़े पार्किंग क्षेत्र का निर्माण हो रहा है ताकि वीआईपी और आम यात्रियों को सुगम आवाजाही मिल सके।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
11 जनवरी 2026, रविवार
25 जनवरी 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

# शब-ए-बरात पर कीचड़ और जलभराव से जूझेंगे लोग

## कई बार शिकायत के बाद भी पुराना शहर में खैराती बाग कब्रिस्तान को जाने वाले मार्ग की अफसरों ने नहीं ली सुध

कार्यालस संवाददाता, बरेली

- नाला चोक होने की समस्या ने बढ़ाई आमजन की दिक्कत, जिम्मेदार खामोश
- गली से निकलने में स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं को सबसे ज्यादा हो रही परेशानी

**अमृत विचार :** पुराना शहर स्थित चक में नवाब साहब की कोठी के पास खैराती बाग कब्रिस्तान जाने वाला मार्ग शब-ए-बरात के मौके पर फिर लोगों की परीक्षा लेगा। सड़क पर गंदगी अटी रहती है और जलभराव से बना रहता है। नाला चोक होने से जलभराव की समस्या हर मौसम में लोगों को बेहाल रखती है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बारिश के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। पैदल चलना मुश्किल होता है, वहीं, वाहन चलाना किसी साहसिक चुनौती से कम नहीं। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं इस गंदे पानी, कीचड़ और बदबू से गुजरते हुए खतरों का सामना करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शब-ए-बरात जैसे पवित्र अवसर पर भी इस रोड की स्थिति किसी तरह का सम्मान नहीं दिखाती, जबकि कई बार अधिकारियों से शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन निगम की उदासीनता जारी है। लोग खुलेआम आरोप लगा रहे हैं जिम्मेदारों की उपेक्षा ने इसे आमजन के लिए ''नरक मार्ग'' बना दिया है। इस बार भी शब-ए-बरात पर लोग गंदे पानी और कीचड़ में जूझते हुए कब्रिस्तान तक पहुंचेंगे।



खैराती बाग कब्रिस्तान को जाने वाले मार्ग पर जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में हो रही परेशानी। ● अमृत विचार



शब-ए-बरात पर भी कब्रिस्तान तक जाने में लोगों को काफी कठिनाई होगी। गंदे पानी और कीचड़ में पैदल चलना बेहद जोखिम भरा है। बुजुर्गों के लिए गिरने का डर लगातार बना रहता है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। शब-ए-बरात के इस पवित्र मौके पर भी सुरक्षा और सुविधा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है।

– फैजान खान



जलभराव और गंदगी के कारण हर रोज जोखिम उठाना पड़ता है। राशन या रोजमर्रा की चीजें लाने-जाने में असुविधा होती है। महिलाओं और बच्चों के लिए यह रोड सुरक्षित नहीं है। रोजमर्रा की तरह शब-ए-बरात पर भी यह रोड लोगों के लिए परेशानी और असहजता का कारण बनेगी। शिकायत के बाद भी अधिकारियों की लापरवाही जारी है।

–मोहसिन



यह रोड स्थानीय लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी का सबब बन गई है। जलभराव के कारण वाहन अक्सर फंस जाते हैं, जिससे समय और पैसों का नुकसान होता है। बारिश में तो यह मार्ग बिल्कुल असुरक्षित हो जाता है। स्थानीय लोागें ने कई बार समस्या उठाई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। जिस वजह से रोजमर्रा में गंभीर असुविधा झेलनी पड़ रही है।

–शाने अली



मुख्य समस्या नाला चोक होने की है। गंदे पानी और कीचड़ के कारण कब्रिस्तान तक जाना बेहद मुश्किल होता है। इस रोड पर पैदल चलना किसी खतरे से कम नहीं है। बुजुर्गों को बार-बार गिरने का डर सताता है। बारिश में हालात और खराब हो जाते हैं। निगम शिकायतों के बावजूद कोई सुधार नहीं कर रहा, जिससे लगातार समस्या बनी हुई है।

– राशिद खान

## हिस्ट्रीशीटर ससुर से जताया जान का खतरा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र की महिला ने अपने हिस्ट्रीशीटर ससुर और उसके साथियों पर दुष्कर्म, मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न, धमकी देकर समझौता कराने और झूठे मुकदमे दर्ज कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर जान का खतरा जताते हुए सुरक्षा की मांग की है।

बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची। महिला ने बताया कि उसका ससुर बारादरी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसने अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि छिपाकर परिवार को गुमराह कर विवाह कराया। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुर द्वारा लगातार शोषण, धमकी और दबाव बनाया गया। जब पीड़िता ने विरोध किया तो परिवार के सदस्यों को डराकर जबरन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए और उसके विरुद्ध झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए गए। महिला ने बताया कि उसने दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन साजिश के तहत उसके भाई को अगवा कर धमकाया गया, जिससे दबाव में आकर समझौता कराया गया।

# जंक्शन से अगवा तीन साल की बच्ची को 14 घंटे में किया बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जीआरपी और आरपीएफ ने पीलीभीत के आरोपी को गिरफ्तार करके भेजा जेल

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन से रविवार की रात तीन साल की बच्ची का अपहरण हो गया। इसके बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीम अलर्ट हो गई। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज करके बच्ची की तलाश शुरू की। 14 घंटे बाद सिटी स्टेशन से बच्ची को ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया।

बरेली जंक्शन से रविवार की रात भीख मांगने वाली सुभाषनगर क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसकी तीन साल की बच्ची का एक युवक अपहरण करके ले गया है। इसके बाद जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज की। जीआरपी थाना प्रभारी सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि उसके बाद जीआरपी और आरपीएफ की टीमों ने बच्ची की तलाश शुरू की। इसमें एक आरोपी बच्ची को ट्रेन से ले जाता हुआ दिखाई दिया। अगले दिन जीआरपी ने बरेली सिटी स्टेशन से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने बच्ची को भी बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी धर्मपाल निवासी जिला पीलीभीत थाना बरखेड़ा के गांव पतरसिया ने बताया कि वह नशा करता है। बच्ची को उठाकर ट्रेन में बैठाकर ले गया था। इसके बाद सिटी स्टेशन पर उतर गया था।



आरोपी धर्मपाल।

## कार सवारों पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवक ने कार सवारों पर अभद्रता कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने नोएडा के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जिला शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर के गांव कंकलिया निवासी महेशपाल ने बताया कि वह 12 अक्टूबर 2025 को दावत खाने बरेली आ रहे थे। लघुशंका करने के लिए रजऊ परसपुर के पास सड़क किनारे रुक गए। उनकी बाइक में कार ने टक्कर मार दी। आरोप है कि कार सवारों ने कार से उतरकर उसके साथ गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर उसे पीटा। शोर सुनकर लोगों ने उसे बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# कीचड़, जलभराव से जल्द मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रामायण वाटिका कॉलोनी: निगम ने सड़क निर्माण शुरू कराया, पहले नाली का निर्माण किया जा रहा
- नालियों के पानी की निकासी न होने से दो साल से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं लोग

**अमृत विचार :** दो साल नर्क जैसी स्थिति झेल रहे मुंशीनगर क्षेत्र की रामायण वाटिका कालोनी के 50 से ज्यादा परिवारों को जल्द जलभराव और उखड़ी सड़क से निजात मिलेगी। वनमंत्री, मेयर और नगर निगम के अफसरों से लगातार सड़क बनवाने के प्रयास करने पर नगर निगम ने कॉलोनी में करीब चार सौ मीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करा दिया है। पहले नाली का निर्माण कराया जा रहा है।

नाली निर्माण के दौरान भी परिवारों को अपने घरों से निकलने में दिक्कत हो रही है। जेसीबी से मकानों के आगे के स्लैब तोड़ दिए। इसके बाद हर नाली का निर्माण किया जा रहा है। कॉलोनी की चौथी गली से नाली निर्माण करते हुए उत्तर मुखी सड़क की ओर नाली निर्माण सोमवार से शुरू किया है। निर्माण तेजी से कराया जा रहा है, ताकि बारिश में इन गलियों के परिवारों को जलभराव, कीचड़ और गंदगी से परेशान होना न पड़े। वहीं, कॉलोनी के लोगों ने नगर निगम के जेई से मौके पर आकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने की मांग की है।



रामायण वाटिका कॉलोनी में निर्माण कार्य में जुटे श्रमिक। ● अमृत विचार

सबसे पुराना दवाखाना

गुप्त रोगी मिलें

हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें

भारत प्रसिद्ध

गोल्ड मेडलिस्ट

डा.शेख

हर मंगलवार

निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड

बरेली

9837023223

# आवारा कुत्ते ने फैक्ट्री कर्मी को काटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सीबीगंज में आवारा कुत्ते ने हमला करके फैक्ट्री कर्मचारी को काटकर जख्मी कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के नंदोसी गांव निवासी 20 वर्षीय महाराज ने बताया कि रविवार की शाम को वह परसाखेड़ा में फैक्ट्री में किए गए काम के पैसे लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक कुत्ते ने उसके बाएं पैर में काट लिया। परिजनों की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

**खेत से लौट रहे किशोर को सांप ने डसा :** थाना आंवला क्षेत्र के गोटा खंडवा गांव निवासी 12 वर्षीय अनिकेत को सांप ने डस लिया। अनिकेत ने बताया कि वह रविवार शाम खेत में काम करने के बाद घर लौट रहा था, तभी रास्ते में सांप ने उसे डस लिया। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है।



कुत्ते के हमले में घायल महाराज।



अस्पताल में भर्ती अनिकेत।

### उपले पाथ रही युवती को सांप ने डसा

**मीरगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में उपले पाथ रही एक युवती को सांप ने डस लिया। परिजन उसे तत्काल निकट ही सीएचसी में ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल हालत ठीक है। सोमवार को गांव गुगई निवासी 21 वर्षीय शीतल पुत्री छोटेलाल अपने घर के बाहर उपले पाथ रही थी। इसी दौरान अचानक एक सांप ने उसके हाथ में डस लिया। सांप के काटने के बाद शीतल की तबीयत बिगड़ने लगी। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। सीएचसी में तैनात डॉक्टरों ने तुरंत युवती को एंटी-वेनम वैक्सीन लगाई, लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया। सीएचसी मीरगंज के ईएमओ ने बताया कि मरीज की हालत नाजुक थी, इसलिए उसे आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# बाइक सवार को रोडवेज बस ने रौंदा, चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बैरियर नंबर-2 के पास दर्दनाक हादसा, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार, पुलिस ने कब्जे में लिया
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, सदमे में परिजन

**अमृत विचार :** बाइक सवार को एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे के बाद चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव चका निवासी इजहार अहमद वर्तमान में मयूर विहार, खजुरिया घाट थाना इज्जतनगर में रह रहा था। वह रविवार को दोपहर करीब 2 बजे अपनी बाइक से शहर की ओर जा रहा था। इजहार अहमद जैसे ही इज्जत नगर बैरियर नंबर-2 के पास साप्ताहिक बाजार के नजदीक पहुंचा, पीछे से आ रही रोडवेज बस के चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इजहार अहमद को गंभीर चोटें आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। युवक की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि आरोपी बस चालक की तलाश की जा रही है।

# प्रेमनगर में बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- युवक नौकरी के चलते परिवार के साथ नोएडा में रह रहा था
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की चोरों की तलाश

**अमृत विचार :** प्रेमनगर में बंद मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर लिया। नौकरी के चलते परिवार नोएडा में रहता है। ऊपर के हिस्से में रहने वाले छोटे भाई को सुबह उठने पर चोरी की जानकारी हुई। प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला भूड़ निवासी आलोक सक्सेना ने बताया कि उसके मकान के दो हिस्से हैं। मकान के प्रथम तल पर वह और उसकी मां सुमन सक्सेना रहती हैं। जबकि ग्राउंड फ्लोर पर उसके बड़े भाई परिवार के साथ रहते हैं, लेकिन वर्तमान में वे नोएडा में नौकरी के चलते वहीं रहते हैं। इस वजह से ग्राउंड फ्लोर बंद रहता है। 31 जनवरी को वह और उसकी मां प्रथम तल पर सो रहे थे। सुबह जागने पर नीचे जाकर देखा तो ताला टूटा था, जबकि मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसकी सूचना उसने बड़े भाई को दी।

कैमरे देखने पर पता लगा कि रात में 2: 15 बजे चोर मकान में घुसे थे। चोरों ने चांदी की गणेश लक्ष्मी की दो प्रतिमाएं, चांदी की प्लेट, सोने के टाप्स, चांदी के पांच सिक्के समेत अन्य सामान चुरा लिया। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# गर्भवती की फांसी लगाकर दहेज हत्या में पति-ससुर को सात वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दहेज में 1 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर 6 माह की गर्भवती को फांसी लगाकर हत्या करने के आरोपी पति जगमोहन व ससुर हरिराम मौर्य को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-9 अविनाश कुमार सिंह ने प्रत्येक को 7-7 वर्ष कारावास व 9-9 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम मृतका के पिता और वादी मुकदमा को बतौर मुआवजा दी जायेगी।

सरकारी वकील हरेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि मृतका के पिता भगवान दास ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया था कि पुत्री रूबी का विवाह 11 मार्च 2019 को ग्राम सभापुर निवासी जगमोहन के साथ किया था। विवाह के बाद पति जगमोहन, ससुर हरिराम आदि अतिरिक्त दहेज के रूप में 1 लाख रुपये की और मांग कर रहे थे। देने में असमर्थता जताई तो पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। इसकी शिकायत बेटी ने कई दफा मुझसे की। 25 अप्रैल 2024 की सुबह 6.38 बजे बेटी ने मुझे फोन किया कि पापा आप 1 लाख रुपये लेकर जल्दी आ जाओ नहीं तो यह लोग मुझे जान से मार देंगे। कुछ समय बाद ससुराल जाकर देखा तो पुत्री जमीन पर पड़ी थी जो कि 6 माह के गर्भ से थी। पुलिस ने पति, ससुर, ननद-ननदोई के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत पति व ससुर के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 9 गवाह, 14 सबूत पेश किये।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली। अमृत विचार :** नाबालिग लड़की (14) की अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के आरोपी पीलीभीत के थाना जहानाबाद के ग्राम रहपुरा निवासी सुनील की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म, अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने अपने बयान में बताया था कि सुनील ने हमारी दुकान किराये पर ले रखी थी। बाइक सुधारने का काम करता था। डेढ़ वर्ष पूर्व चुपके से मेरी नहाते हुए वीडियो बना ली और वीडियो दिखाकर डराया और धमकी दी कि अगर संबंध नहीं बनाया तो फेसबुक पर वायरल कर देगा। 10 दिसम्बर 2025 की शाम 4 .30 बजे सुनील अपने घर ले गया।

## सिटी ब्रीफ

### आकाशवाणी बरेली के कार्यक्रम प्रमुख बने मिथिलेश



**बरेली, अमृत विचार** : प्रसार भारती ने बलिया के तहसील रसड़ा के ग्राम लोहता निवासी मिथिलेश श्रीवास्तव को आकाशवाणी बरेली का कार्यक्रम प्रमुख नियुक्त किया है। वह आकाशवाणी के लखनऊ केंद्र में प्रसारण अधिकारी के पद पर रह चुके हैं।

### खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मनरेगा योजना समाप्त करने, खेत एवं ग्रामीण मजदूर विरोधी नीतियों को लागू करने और बजट के खिलाफ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा। राजीव शान्त, दुर्गा देवी, टिमलेश, टीआर लोधी, मो. यूनुस, राजेश तिवारी, सतीश, वीरपाल, वीरपाल मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखेगा केंद्रीय बजट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने होटल में सेमीनार आयोजित कर बजट पर चर्चा की
- सीए बोले - बजट से एमएसएमई और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी नई ऊर्जा




बजट पर आयोजित सेमीनार में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार



सेमीनार में मौजूद पदाधिकारी और उद्यमी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: सेंट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को होटल में बजट 2026 पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए कपिल वैश्य और सीए रविन्द्र अग्रवाल रहे। सेमिनार में व्यापारियों और उद्योग प्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

संस्था के अध्यक्ष राजीव सिंघल ने आम बजट को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सराहनीय और दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि बजट उद्योग और व्यापार के लिए संतुलित, प्रगतिशील और विकास को गति देने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में एमएसएमई, स्टार्टअप, मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात और व्यापारिक सुगमता पर विशेष ध्यान दिया गया है।

संस्था के सचिव अल्पित अग्रवाल ने कहा कि इस बजट के बाद ऑटोमोबाइल उद्योग में सकारात्मक संकेत देखने को मिलेंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा और हरित ऊर्जा पर दिए गए जोर से ऑटो सेक्टर को नई गति मिलेगी। सड़कों, हाईवे और लॉजिस्टिक्स में बड़े निवेश की घोषणा से यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट की मांग बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इससे ऑटो कंपोनेंट उद्योग को भी लाभ मिलेगा।

मुख्य वक्ता सीए कपिल वैश्य ने बजट में जीएसटी व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल बनाने पर जोर दिए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि रिटर्न फाइलिंग को आसान करने, ऑटोमेशन बढ़ाने और त्वरित रिफंड जैसी व्यवस्थाओं से विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और एमएसएमई इकाइयों को राहत मिलेगी। वहीं सीए रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि मैट टैक्स समाप्त कर 14 प्रतिशत की नई कर व्यवस्था लागू की गई है। टीडीएस-टीसीएस की दरें घटाई गई हैं और फ्यूचर-ऑप्शन ट्रेडिंग पर एसटीटी बढ़ाकर सट्टेबाजी पर अंकुश लगाया गया है। सचिव अल्पित अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संचालन सीए अखिल रस्तोगी ने किया। बरेली इंटरनेशल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. केशव कुमार अग्रवाल, पीयूष कुमार, अजय शुक्ला, वीएस अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, आलोक गुप्ता, रवि अग्रवाल, आशु अग्रवाल, अनिल कुमार, अनंत वीर सिंह, डॉ. अतुल अग्रवाल, केबी अग्रवाल, राज गोयल, सीए सुधीर गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, सुनीत मूना, तेजेन्द्र सिंह, दीपांशु, राजेश गुप्ता मौजूद रहे।

### बाल विवाह रोकथाम के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार** : मिशन शक्ति फेस-5 के तहत बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान सोमवार को शहर के रोली टोला में चलाया गया। अभियान में डीएम अविनाश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा के मार्गदर्शन में बाल संरक्षण, सुरक्षा और कल्याण विषयों पर जागरूकता बढ़ाना और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

बाल विवाह रोकथाम, बाल अधिकार, बाल श्रम निषेध आदि के बारे में बताया गया। प्रतिभागियों ने विचार साझा किए और बाल संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। चाइल्ड हेल्प लाइन मेघा वर्मा (सुपरवाइजर) पार्षद अरविंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष कन्हैया राजपूत, मंडल मंत्री संतोष सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# संतुलित, दूरदर्शी एवं भविष्योन्मुखी है बजट

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने डीडीपुरम स्थित रेस्टोरेंट में चाय पर बजट परिचर्चा का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- टैरिफ वार जैसे चुनौतीपूर्ण हालात के लिए बूस्टर डोज का कार्य करेगा मौजूदा बजट
- एमएसएमई, रक्षा और नवाचार पर फोकस, जीएसटी-आयकर में राहत की मांग बरकरार




आगामी वित्तीय वर्ष एवं केंद्रीय बजट पर आयोजित परिचर्चा में बोलते वक्ता व मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : केंद्रीय बजट को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से सोमवार को डीडी पुरम स्थित रेस्टोरेंट में ''चाय पर बजट परिचर्चा'' का आयोजन हुआ। इसमें व्यापार, उद्योग और कर व्यवस्था से जुड़े बजट के सकारात्मक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। व्यापारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से प्रस्तुत बजट को देश के समग्र विकास की दृष्टि से संतुलित, दूरदर्शी एवं भविष्य उन्मुख बताया और कि यह बजट ''विकसित भारत'' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और वैश्विक स्तर पर चल रहे टैरिफ वार जैसे चुनौतीपूर्ण हालात के बीच यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बूस्टर डोज का कार्य करेगा।

बजट में परिचर्चा के दौरान उद्यमियों और व्यापारियों ने कहा कि बजट से न केवल देश की सामरिक क्षमता मजबूत होगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी बल मिलेगा। इसके अतिरिक्त बायोफार्मा, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में किए गए निवेश को मानव संसाधन विकास की दृष्टि से अहम बताया। प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी प्रणाली में दरों के सरलीकरण, इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़ी जटिलताओं, रिटर्न फाइलिंग और कंप्लायंस बोझ को कम करने को लेकर कोई ठोस घोषणा नहीं हुई। इनकम टैक्स के क्षेत्र में भी धारा 44एडी और 44 एडीए की सीमा बढ़ाने, एडवांस टैक्स और टीडीएस प्रक्रियाओं को सरल बनाने और अपडेटेड आईटीआर में रिफंड प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध करने की मांग अधूरी रह गई। चार्टर्ड अकाउंटेंट ऋषभ अरोड़ा एवं हिमांशु गुप्ता ने बजट के इनकम टैक्स और अन्य वित्तीय प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए व्यापारियों को इसके व्यावहारिक प्रभाव समझाए। राज्य कर विभाग के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (अपील) श्याम प्रसाद ने एमएसएमई सेक्टर के लिए घोषित क्रेडिट सपोर्ट, तकनीकी अपग्रेडेशन और उत्पादन बढ़ाने के प्रावधानों को लघु उद्योगों के लिए सकारात्मक कदम बताया कि जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। परिचर्चा के दौरान बजट में रक्षा क्षेत्र, स्वदेशी उत्पादन, अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार को दिए गए प्रोत्साहन की सराहना की गई।

जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर योगेश मौर्य, राजीव कुमार, फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, महानगर अध्यक्ष कुमार गौरव शर्मा, अनुज गुप्ता, जसपाल सिंह बग्गा, विजय प्रताप सिंह, अजय खंडेलवाल, रूपेश, पारस अग्रवाल, संजय सिंह, मनोज सिंह, देवेंद्र पाल, घासीराम, दयाल अग्रवाल, असीम जौहरी, हरजीत सिंह, युवा जिला अध्यक्ष नवनीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# आरएमए ने बजट में राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रयासों को सराहा




रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की बजट परिचर्चा में मौजूद सीए व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से बजट पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

**अमृत विचार** : सिविल लाइंस स्थित होटल में रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन (आरएमए) ने बजट पर परिचर्चा की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने बजट को संतुलित बताते हुए कहा कि इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए आने वाले दो दशकों तक अर्थव्यवस्था को 10 प्रतिशत या उससे अधिक की विकास दर हासिल करनी होगी। बजट में सड़क, रेल, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, शहरी अवसंरचना और लॉजिस्टिक्स में रिकॉर्ड निवेश से ईपीसी कंपनियों को नए अवसर मिलेंगे।

सीए कपिल वैश्य ने कहा कि बजट में परियोजनाओं के समयबद्ध निष्पादन, वित्तीय समर्थन और दीर्घकालिक योजना पर विशेष ध्यान दिया गया है। सीए शरद मिश्रा ने बजट को नियंत्रित और अनुशासित बताते हुए कृषि क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों की सराहना की। वहीं, सीए अखिल रस्तोगी ने इसे विकास-उन्मुख और निवेश को प्रोत्साहित करने वाला बजट बताया। कार्यक्रम निदेशक डॉ. नीरज सक्सेना ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने वाली नीतियां आर्थिक गतिविधियों को गति देंगी। सचिव डॉ. एके राय ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वतंत्र कुमार ने किया।

# बजट में स्थानीय व्यापारियों को नहीं मिला कुछ खास



केंद्रीय बजट से व्यापारी वर्ग को बहुत निराशा मिली है। हमारी मांग थी कि कच्चे माल और तैयार उत्पाद पर जीएसटी एक समान हो, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। व्यापार का ग्राफ दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है। **-राहुल मेहता**



बजट में एमएसएमई के तहत फंड मिला है। इससे लोगों को लोन में फायदा भी मिलेगा, लेकिन स्क्रैप के दाम स्थित नहीं हो रहे हैं। इससे छोटे दुकानदार अपना कारोबार सुचारू रूप से नहीं चला पा रहे हैं। – **मनजोत सिंह**



जीएसटी रिटर्न तीन माह आगे के लिए बढ़ा दिया है। इससे व्यापारियों को फायदा मिलेगा। व्यापारियों ने कुछ मांग सरकार से की थी कि जीएसटी दरों में कुछ संशोधन और किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। **– अजय कश्यप**



इस बार का केंद्रीय बजट कोई खास नहीं रहा। यह लगभग पिछले साल के बजट जैसा ही है। इसमें ऐसा कुछ भी नया नहीं है, जिससे जिला या स्थानीय स्तर के व्यापारियों को कोई विशेष लाभ मिल सके। **-राजीव अग्रवाल**



विदेशों में बच्चों की पढ़ाई सस्ती होना एक सकारात्मक कदम है। साथ ही शराब और सिगरेट के दाम बढ़ाए जाने का फैसला स्वागत योग्य है। लेकिन, बजट से स्थानीय व्यापारियों को कोई लाभ नहीं मिला। – **राकेश तुली**



यह बजट न केवल भारत को वैश्विक फार्मा हब के रूप में सशक्त बनाएगा, बल्कि आम मरीज तक सस्ती, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। – **रितेश मोहन गुप्ता**, महामंत्री, डिस्ट्रिक्ट बरेली केमिस्ट्स एसोसिएशन



बजट में आउट सोर्सिंग व संविदा कर्मियों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया। बल्कि उद्योगों को प्रोत्साहन और पूंजीपतियों के लिए योजनाएं जरूर दिखाई दीं। – **हरी शंकर**, जिलाध्यक्ष-शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद, बरेली



बजट स्वागत योग्य है, लेकिन बहुत सी अपेक्षाएं थीं। इनकम टैक्स में छूट व एमएसएमई के लिए स्पेशल छूट की घोषणा की उम्मीद थी, जो कि नहीं हुई। –**रामकृष्ण शुक्ला**, महानगर अध्यक्ष, व्यापारी सुरक्षा फोरम



बजट केवल बड़े उद्योगों को राहत देने वाला है। शराब, सिगरेट से संबंधित जो चीज महंगी हुई है। यह काफी अच्छा है, क्योंकि यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। – **दीपक द्विवेदी**, व्यापारी नेता

### पूंजीगत व्यय से रोजगार और निवेश को मिलेगी गति

**बरेली, अमृत विचार** : चार्टर्ड अकाउंटेंट रफीउल्ला का कहना है कि बजट विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन बनाता हुआ दिखाई देता है। इंफ्रास्ट्रक्चर एमएसएमई और मैन्यूफेक्चरिंग पर मजबूत पूंजीगत व्यय से रोजगार और निवेश को गति मिलेगी।

कर अनुपालन को सरल बनाने और दंड व्यवस्था के युक्तिकरण से करदाताओं का भरोसा बढ़ेगा। व्यापारियों को भी सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही विकास को भी रफ्तार मिलेगी। कुल मिलाकर यह बजट दीर्घकालीन विकास, समावेशन और आर्थिक स्थिरता की दिशा में एक व्यावहारिक कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट देश की नींव को मजबूती प्रदान करेगा।

# रजिस्ट्री के नए नियम से कर्मचारी और बैनामा कराने वाले हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अंगूठे के निशान का मिलान कराने की प्रक्रिया में लगा ज्यादा समय



रजिस्ट्री कार्यालय प्रथम में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराते कर्मचारी।

**अमृत विचार**: बैनामों में फर्जीवाड़ा की गुंजाइश पर पूर्णता अंकुश लगाने के लिए आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था लागू होने के बाद सोमवार को रजिस्ट्री दफ्तरों में कर्मचारियों के साथ बैनामा करने पहुंचे क्रेता व विक्रेता भी परेशान हुए।

इस दौरान क्रेता और विक्रेता पक्ष के लोगों के आधार कार्ड में दर्ज अंगूठे के निशान का मिलान आधुनिक आरडी डिवाइस से कराया गया, इस प्रक्रिया में समय भी ज्यादा लगा। रजिस्ट्री कराने पहुंचे एक व्यक्ति का अंगूठा मैच नहीं हुआ है, इस पर उसकी रजिस्ट्री की प्रक्रिया रोक दी गयी। रजिस्ट्री दफ्तर प्रथम में कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि आधार प्रमाणीकरण आधुनिक आरडी डिवाइस से कराने में समय ज्यादा लग रहा है। वहीं, आधार कार्ड में मोबाइल नंबर दर्ज न होने से लोग रजिस्ट्री कराने के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। जिसके आधार में नाम या पता की गलती है तो उसके लिए रजिस्ट्री में दिक्कत आएगी। इधर, एआईजी स्टांप तेज सिंह यादव ने बताया कि नए नियम से रजिस्ट्री में फर्जीवाड़े की गुंजाइश समाप्त हो गयी। आरडी डिवाइस से क्रेता या विक्रेता के अंगूठा का मिलान नहीं हुआ तो रजिस्ट्री रोक दी जाएगी।



## सिटी ब्रीफ

### 528 ने पास की आरईटी की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट (आरईटी-2025) के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा में कुल 1166 उम्मीदवार शामिल हुए थे, जिनमें से 528 सफल हुए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपने परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://mjprudor.ac.in पर रजिस्टर्ड यूजरनेम और पासवर्ड से लॉगिन करें। लॉगिन के बाद उम्मीदवार अपना परिणाम देख सकते हैं।

### कुसुम कुमारी बालिका कॉलेज में योग शिविर का उद्घाटन

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के तत्वाधान में सोमवार को कुसुम कुमारी बालिका इंटर कॉलेज में निशुल्क त्रैमासिक योग शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि हेमदेव आर्य ने किया। शिविर में बच्चों को विभिन्न योग सिखाए जाएंगे। योग प्रशिक्षिका राजवती ने बताया कि निदेशक प्रमेंद्र कुमार गुप्त और संस्थान के महेंद्र पाठक, शिवम गुप्त के निर्देशन में प्रदेश भर में 35 योग शिविरों का उद्घाटन किया गया। निदेशक ने सभी योग प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। धर्मेन्द्र, नेहा कटियार, सोनाली सिंह राठौर, मीना देवी, रूखसार रईस आदि ने भी विचार रखे।

### नये मतदाताओं के नाम सूची में प्राथमिकता से जोड़ें : धर्मपाल

**बरेली/सिरौली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों के दृष्टिगत मतदाता पुनरीक्षण अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने सिरौली का दौरा किया और अभियान की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री धर्मपाल सिंह ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के नाम प्राथमिकता के आधार पर जोड़ना है।

# अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए 15 तक मांगे आवेदन
- 8 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा, 18 को आएगा परिणाम

**अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई।

उप श्रम आयुक्त डॉ. दिव्य प्रताप सिंह ने बताया कि महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय परिषद की जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी तय की गई है, जिसे पहले 31 जनवरी रखा गया था। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन 25 फरवरी तक किया जाएगा। 26 से 28 फरवरी के बीच अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 8 मार्च को किया जाएगा। परीक्षा परिणाम 18 मार्च 2026 को घोषित होंगे। चयनित विद्यार्थियों के लिए 20 से 29 मार्च के बीच काउंसलिंग और ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा।

यह प्रवेश प्रक्रिया पंजीकृत श्रमिकों के आश्रित बच्चों, कोविड से प्रभावित अनाथ बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जुड़े बच्चों के लिए है। इच्छुक अभ्यर्थी UPBOCW.IN वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# राम के आदर्श अपनाकर माता-पिता की करें सेवा: उमाकांतानन्द

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में श्रीराम के जीवन के कई प्रसंग सुनाए



श्री हरि मंदिर में आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार



कथा सुनाते उमाकांतानन्द।

**अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन सोमवार को स्वामी डॉ. उमाकांतानंद सरस्वती महाराज ने भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र, माता-पिता की आज्ञा का पालन और वनवास गमन के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने बताया कि राम का जीवन त्याग और समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है। श्रोताओं को जीवन में राम के आदर्शों को अपनाने और युवाओं को माता-पिता का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. उमाकांतानंद ने श्री राम के वनवास प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या की। उन्होंने कथा में भगवान राम के आज्ञाकारी स्वरूप और माता-पिता के प्रति उनके अटूट प्रेम को रेखांकित करते हुए युवाओं को माता-पिता का सम्मान करने का संदेश दिया। वर्णन किया कि कैसे राम ने बिना प्रश्न किए दशरथ के वचनों का पालन करते हुए 14 वर्ष के वनवास को स्वीकार किया। वर्तमान समय में वृद्ध माता-पिता की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए राम की तरह आज्ञाकारी बनने का संकल्प दिलाया गया। श्रीराम बिना सवाल किए 14 वर्ष के वनवास के लिए निकले, जो उनके आज्ञाकारी होने का प्रमाण है। अयोध्या वासियों के प्यार और श्री राम के समर्पण को भावपूर्ण संगीतमय भजनों के माध्यम से सुनाया।

कथा के दौरान सुरीले भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। डॉ. उमाकांतानंद ने वर्तमान कलयुग में बढ़ते वृद्धाश्रमों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को राम के आदर्शों को अपनाकर माता-पिता की सेवा करने का संकल्प दिलाया। कथा में श्रीराम के पवित्र नाम की महिमा और आत्म-जागरण के लिए नाम जाप को महत्वपूर्ण बताया। कथा में पीपी सिंह, संजय अग्रवाल, राजन विद्यार्थी, राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल, मनीष अग्रवाल, डॉ. आईएस तोमर, डॉ. रवि मेहरा, मालती देवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बृज में होली रे रसिया... भजन सुन झूम उठे श्रद्धालु

## अध्यात्म की गूंज परिवार ने मनाया फागोत्सव, संगीत की आध्यात्मिक यात्रा में भक्ति, सुरों का संगम देखने को मिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली



आनंद आश्रम में आयोजित फागोत्सव में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार



फागोत्सव में भजन प्रस्तुत करतीं कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आनंद आश्रम में अध्यात्म की गूंज परिवार की ओर से सोमवार को सुरमई कृष्ण लीला फागोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। बृज में होली रे रसिया..., भजन सुनकर श्रद्धालु झूम उठे।

गणेश वंदना के बाद शास्त्रीय गायिका डॉ. हितु मिश्रा ने श्रीकृष्ण की लीलाओं को शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं ब्रज के लोकगीतों की मधुर स्वर-यात्रा में पिरोकर प्रस्तुत किया। डॉ. मिश्रा ने सुरमयी कृष्ण लीला का प्रारंभ श्रीमद्भागवत गीता के श्लोक से किया। कृष्ण जन्म की लीला को भजन गोकुल प्रगट भये, हरि आये, कृष्ण जन्म पर बधाई गीत जन्मे हैं कृष्ण कन्हैया... भजन पर जसप्रीत कौर, ममता गंगवार, रागिनी चतुर्वेदी ने नृत्य कर सभी भक्तों को आनंदित कर दिया। कृष्ण के जन्म के बाद उनको देखने की लालसा के भाव को प्रकट करने के लिए राग अहीर भैरव में बंदिश "उठो हे गोपाल भोर की चिरइयां बोलन लागी, राधा मिलन भजन...लुभाई गई रे, बरसाने की गोरी राधिका गोरी से मैया करा दे मेरो ब्याह, बांसुरी प्रेम, ओ कान्हा रे कैसी बजाई तूने बांसुरी, मीरा की विरह भक्ति पर.... मीरा मगन भई हरि के गुण गाय भजन को सुन भक्तों की आंखें खुशी में नम हो गईं। वृन्दावन से प्रेम को दर्शाते हुए...आली म्हाने लागे वृन्दावन भजन पर राधा और कृष्ण का स्वरूप में माधुरी यादव एवं चित्रा सिंह ने आनंद मग्न होकर नृत्य कर सभी भक्तों को वृन्दावन की अनुभूति कराकर खूब आनंदित किया। रासलीला के साथ फागोत्सव की धूम रही। राग वसंत की प्राचीन बंदिश, फगवा ब्रज देखन को चलो री...ने देवीय अनुभूति कराई।

ब्रज के लोकगीतों...एरी मचो फाग घनघोर ब्रज के लोक रंगों से सजी इस प्रस्तुति ने भक्तों को कृष्ण रंग में भिगो दिया। आज बिरज में होरी रे रसिया पर...सभी भक्तों ने मग्न होकर झूमकर होली मनाई। हरे रामा हरे कृष्ण के महामंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संगीत की इस आध्यात्मिक यात्रा में भक्ति, रस और सुरों का सुंदर संगम देखने को मिला। तबले पर दीपक जौहरी, की बोर्ड पर धीरज शर्मा, पैड पर कुलदीप शर्मा व सह गायिका अनुश्रुति, अनुकृति ने प्रस्तुति दी। संयोजिका रूबी सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने फागोत्सव की बधाई दी। दीपेश खंडेलवाल, शशि कांत मोदी, अनिल, विवेक अग्रवाल, अनुज अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन आशिमा गुप्ता ने किया।

### छात्राओं ने धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया

**बरेली, अमृत विचार :** क्यारा ब्लॉक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सोमवार को शैक्षिक भ्रमण किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा के नेतृत्व में भ्रमण की शुरुआत शहर स्थित वन स्टॉप सेंटर से हुई।

केंद्र प्रबंधक चंचल गंगवार ने छात्राओं को केन्द्र की कार्यप्रणाली और महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया। छात्राओं ने हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय और महिला थाना का दौरा किया।

महिला थाना प्रभारी परमेश्वरी देवी ने थाने की कार्यप्रणाली समझाई। छात्राओं को धोपेश्वर नाथ मंदिर और रामनगर स्थित लीलौर झील का भ्रमण किया। इस दौरान शिक्षिका उर्मिला, किरण गंगवार, प्रियंका और शिल्पी उपस्थित रहीं।

# मंडल में विद्यालय खोलेगा भारत लोक शिक्षा परिषद

- बरेली चैप्टर ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में विद्यालय संचालित करने का करेगा काम

**बरेली, अमृत विचार:** भारत के सर्वोच्च शांति पुरस्कार गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित एकल अभियान जो कि संपूर्ण भारतवर्ष में भारत लोक शिक्षा परिषद के द्वारा आदिवासी एवं सुदूर क्षेत्रों में एकल विद्यालय के माध्यम से शिक्षा देने का काम कर रही है।

भारत लोक शिक्षा परिषद केंद्रीय कार्यालय दिल्ली की शाखा संचालन के लिए बरेली में बैठक की गई। इसमें इकाई गठन करने पर चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बरेली मंडल के बदायूं, पीलीभीत,आंवला सहित संपूर्ण जिलों के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में परिषद विद्यालय संचालित करने का काम बरेली चैप्टर करेगा। शाहजहांपुर में पहले से ही शाखा सफल कार्य कर रही है। भारत लोक शिक्षा चैप्टर (बरेली) में संरक्षक डॉ. केशव अग्रवाल एवं घनश्याम खंडेलवाल, चेयरमैन रवि अग्रवाल, अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. दीपिका मिश्रा, शुभ्रा गुप्ता, महामंत्री डॉ. नरेंद्र गंगवार, संगठन मंत्री मंगला प्रसाद, कोषाध्यक्ष शोभित अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री चक्रवीर, सह संगठन मंत्री शत्रुघ्नेंद्र एवं मीडिया प्रभारी राजकुमार अग्रवाल को नामित किया गया। चैप्टर बरेली की निर्माण बैठक में भारत लोक शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, दीप कुमार, आशुतोष बाजपेई ,ज्ञानेंद्र अंचल, हरेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ शुक्ला, प्रफुल्ल चौहान, सोनल वर्मा, सुनील कुमार मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# विद्यार्थियों और शिक्षकों को आईपीआर के प्रति किया जागरूक



कार्यशाला में मौजूद रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बौद्धिक संपदा अधिकार पर ऑनलाइन कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से सोमवार को राजीव गांधी राष्ट्रीय संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर के सहयोग से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपीआर) जागरूकता मिशन के अंतर्गत ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में बौद्धिक संपदा अधिकार एवं पेटेंट व डिजाइन फाइलिंग के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नवाचार, शोध एवं रचनात्मक कार्यों के संरक्षण से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। पेटेंट एवं डिजाइन के सहायक कंट्रोलर राजू कुमार ने आईपीआर की अवधारणा, पेटेंट एवं डिजाइन के प्रकार, फाइलिंग प्रक्रिया, लाभ तथा व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पेटेंट एवं डिजाइन पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, समय-सीमा व इससे जुड़े कानूनी पक्षों की जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया। कॉलेज प्रशासन ने उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला के आयोजन के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर एवं भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। भविष्य में भी शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## सिटी डायरी

### टायसन ने लखनऊ में डॉग शो में लहराया बरेली का परचम



**बरेली, अमृत विचार :** अवध पेट फूड एंड ब्रीडर्स ट्रेड बोर्ड की ओर लखनऊ के लॉ मार्टिनियर फुटबाल ग्राउंड में 31 जनवरी और 1 फरवरी को आयोजित मेगा पेट कार्निवाल 2026 में देश-विदेश से आई 36 प्रजातियों के 350 श्वानों ने भाग लिया। इसमें टायसन ने बरेली का परचम लहराया। कार्निवाल में जर्मन शेफर्ड प्रजाति के लगभग 82 श्वानों ने हिस्सा लिया। जिसमें जर्मन शेफर्ड प्रजाति में बेस्ट ऑफ द ब्रीड का अवार्ड बरेली के लव मिश्रा के डॉग टायसन को मिला। साथ ही सभी 36 प्रजातियों में टायसन ने शो के सर्वोत्तम श्वान का खिताब भी अपने नाम किया। टायसन के हैंडलर वैभव शर्मा को पुरस्कार प्रदान किया गया। टायसन के मालिक लव मिश्रा भरतौल, उमर अखलाक, वैभव शर्मा भाग लेने लखनऊ गए थे।



### आदि गुरु लालजी महाराज की जयंती पर हुआ भंडारा

**बरेली, अमृत विचार :** श्री रामचंद्र मिशन के हार्ट फुलनेस मेडिटेशन केंद्र परसाखेड़ा में आदि गुरु लालजी महाराज की जयंती पर सोमवार को भंडारे का आयोजन हुआ। सुबह 9 बजे ध्यान के साथ उत्सव प्रारंभ हुआ। संस्था के अध्यक्ष कमलेश पटेल की ओर से भेजे गए संदेश को संजीव चौधरी ने पढ़ा। आश्रम मैनेजर पीसी पाठक ने गुरु लालजी के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में बताया। संस्था के प्रथम आश्रम शाहजहांपुर में 12 फरवरी से शुरू होने वाला भंडारा 2 मार्च तक चलेगा। संचालन अनुराग शर्मा ने किया। दीप सक्सेना, संजीव गोयल, अरविंद पटेल, पूनम पटेल, राम पाठक, नीलिमा सक्सेना, अमृत सिंह, नीलू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।




### प्रो. राजेन्द्र उज्बेकिस्तान में अकादमिक उपलब्धि से सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के प्रो. राजेन्द्र सिंह को उज्बेकिस्तान में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक उपलब्धि से सम्मानित किया गया। उज्बेकिस्तान से लौटने पर उनके सम्मान में शोधार्थियों की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. ओपी राय, चीफ प्रॉक्टर आलोक खरे व शिक्षकों ने प्रो. राजेन्द्र सिंह को शुभकामनाएं दीं। प्रो. राजेन्द्र सिंह ने कहा कि बरेली कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से शोध, उच्च शिक्षा और अकादमिक आदान-प्रदान के नए अवसर सृजित होंगे। आयोजन में डॉ. जसपाल सिंह, डॉ. गौरव भूषण, डॉ. अनामिका अग्रवाल एवं डॉ. निष्ठा सेठ का विशेष सहयोग रहा।

### ओडिसा में शहर के छह बच्चों ने जीते पुरस्कार



**बरेली, अमृत विचार :** ओडिसा में हुई आल इंडिया स्तर की बाल, युवा, महिला नाट्य, नृत्य, संगीत व वाद्य यंत्र की प्रतियोगिता में बरेली शहर के छह बच्चों ने पुरस्कार जीते हैं। गोल्डन डांस एकेडमी की ओर से ये बच्चे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने गए थे। एकेडमी के नितिन ने बताया कि ओडिसा में हुई प्रतियोगिता में अनिष्का ने प्रथम, मुरली ने द्वितीय पुरस्कार व वैष्वी ने तृतीय पुरस्कार जीता। खुशी, आराध्या, अक्षत ने चेयरमैन पुरस्कार जीता है। प्रतियोगिता में कई राज्यों की टीमों ने भी प्रतिभाग किया।

## प्रतियोगिता

### इंडियन डेंटल एसोसिएशन के आईडीएपीएल सीजन-7 का हुआ समापन

# गोल्डन लीजेंड्स और टीडी टाइगर संयुक्त विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली




ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- महिला वर्ग में पावर पफ गर्ल्स और बच्चों के वर्ग में ट्रेजर 11 बनी विजेता

**अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की ओर से एसआरएमएस में आयोजित आईडीएपीएल सीजन 7 का समापन हो गया। समापन पर विजेता टीमों और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहले मुकाबले में गोल्डन लीजेंड्स ने चिश्ती संजरी लायंस को 10 रन से हराया। गोल्डन लीजेंड्स ने 10 ओवर में 96 रन का लक्ष्य दिया और चिश्ती संजरी लायंस 85 रन पर ही ऑल आउट हो गई। दूसरे सेमीफाइनल में टीडी टाइगर ने डेंसिटा हंटर को 2 रन से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पुरुष वर्ग में गोल्डन लीजेंड्स और टीडी टाइगर ने फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन बारिश की वजह से फाइनल मैच नहीं हो पाया, जिस कारण दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

महिला वर्ग में पावर पफ गर्ल्स ने एपिक पावर हीटर को 7 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती। बच्चों के वर्ग में ट्रेजर 11 ने चेयरमैन 11 को हराया। पुरुष वर्ग में मैन ऑफ द टूर्नामेंट डा. अतुल गंगवार को मिला। बेस्ट बॉलर का डॉ. पवन, बेस्ट फील्डर का कमल पांडे, बेस्ट विकेटकीपर का सुमित पाराशर और बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड डॉ. एकांश अग्रवाल को मिला।

महिला वर्ग में मैन ऑफ द मैच डॉ. सीमा माहेश्वरी रहीं, जबकि बेस्ट बैटर का अवार्ड डॉ नैंसी भारद्वाज को मिला। वुमेन ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड पारुल को दिया गया। बच्चों के वर्ग में बेस्ट बॉलर अविरल गंगवार, बेस्ट बैट्समैन अरिहंत गुप्ता तथा मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड संगम कश्यप को दिया गया। विशिष्ट अतिथि डियो इंप्लांट के डायरेक्टर टोनी कोरिया, अध्यक्ष राहुल वोहरा, डॉ. अभिजीत जौहरी, डॉ. अमित सक्सेना, डॉ. रवि सक्सेना, डॉ. अवधेश गंगवार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।